## खबर संक्षेप



### घर जाकर बच्चों को पढ़ा रहे नैगवां के शिक्षक

**कटनी।** बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर रिजल्ट और सक्सेस 3.0 की सफलता के लिए विकासखंड रीठी के आदिवासी अंचल में बसे शासकीय उच्चोतर माध्येमिक विद्यालय नैगवांके शिक्षकों ने 'विद्यालय चला अब घर की ओर'अभियान की शुरूआत की है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी ने बताया कि वर्तमान में सरसों (लाहा) की कटाई के सीजन की वजह से अधिकतर छात्र-छात्रायें शाला नहीं आ रहे हैं और खेतों में कटाई कार्य में अपने माता-पिता की मदद कर रहें हैं। छात्रों की पढ़ाई का नुकसान न हो इसके लिये हमनें कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में एक अभिनव पहल करते हुए यह तय किया की शाला समय में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के घर जाकर ही हम विद्यालय लगाएंगे। ताकि प्रतिदिन का सक्सेस 3.0 के साथ उसे हम परीक्षा की तैयारी करा सके। साथ ही छात्र-छात्रा के साथ हम उसके माता-पिता से भी बच्चे को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हमारा यह अभियान परीक्षा समाप्ति तक जारी रहेगा।

### आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने निर्देश

**कटनी।** जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने फारेस्टर वार्ड थाना रंगनाथ निवासी आदेश राव पिता रमेश राव 28 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना रंगनाथ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ति प्रतिवेदन के आधार पर की है। आदेश राव के विरूद्ध अब तक कुल 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन के साथ रास्तार रोककरगंदी गालियां देकर मारपीट करना, अवैध देशी कट्टा रखना, चाकू रखना, अवैध वसूली जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा आदेश राव के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक थाना रंगनाथ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### जनशिक्षक संतोष बर्मन को उत्कृष्ट सेवा का सम्मान

**सिलौड़ी।** क्षेत्र में जनशिक्षक के रूप में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने वाले जनशिक्षक संतोष बर्मन को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ तथा विधायक संदीप जायसवाल के करकमलों से प्रदान किया गया। अतिथियों ने श्री बर्मन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान की सराहना की।

## बड़वारा थाना एवं बिलहरी चौकी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से पकड़े गये चोर

# गोदामों से सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार, 57 सिलेण्डर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों के गैस गोदाम से सिलेण्डरों की चोरी करने वाले गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को बड़वारा एवं बिलहरी चौकी पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने 57 सिलेंडर, एक पिकअप वाहन और एक बाइक बरामद की है। जप्त सामान की कीमत लगभग 14 लाख रुपए आंकी गई है। यह कार्यवाही एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया, डीएसपी हेड क्वार्टर रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई है।




पुलिस के अनुसार लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बाद बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा था। बिलहरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी में संलिप्त पिकअप वाहन कन्हवारा बिजराघवगढ़ रोड पर दिखाई दिया है। सूचना मिलते ही बिलहरी पुलिस कन्हवारा रोड पहुंची जहां एक संदिग्ध पिकअप वाहन जाता हुआ दिखाई दिया जिसका पीछा करने पर पिकअप वाहन को पकड़ा। ड्राइवर ने अपना नाम सन्नी दाहिया बताया। पूछताछ करने पर बताया कि मेरे साथ ग्राम जोबीकला के मंजू पटेल, सलोक कुशवाहा, ग्राम छैघरा के रोहित यादव, संदीप काछी ने मेरे साथ सिलेंडर चोरी में सम्मिलित थे। आरोपीगण ने कुछ सिलेण्डर आपस में बांट लिये थे एवं 30 सिलेंडर को बेच दिये थे।

पुलिसिया पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि ग्राम बिलहरी से 44 सिलेंडर, बड़वारा से 60 सिलेंडर, एनकेजे व अन्य जगह चोरी किया था। आरोपीगणो की निशानदेही पर पुलिस द्वारा अब तक 57 सिलेंडर बरामद किये जा चुके है जबकि 47 सिलेंडर की बरामदगी करने के लिए कार्यवाही जारी है। आरोपीगण को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर बरामदगी की कार्यवाही की जा रही है। आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस ने चोरो के पास से जो सिलेण्डर बरामद किये हैं उनमें भारत गैस के 24 सिलेंडर, इन्डेन गैस के 28 सिलेंडर, एचपी कम्पनी के 03 गैस सिलेंडर शामिल हैं।

पुलिस ने जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया है उनमें सन्नी दाहिया पिता सुखी लाल दाहिया निवासी कछगवां विजयराघवगढ़, 2. मनोज उर्फ रोहित यादव पिता रामप्यारे यादव 22 साल निवासी ग्राम छैघरा थाना कुठला, 03. संदीप काछी पिता बालिक राम 27 साल निवासी ग्राम छैघरा थाना कुठला, 04. कुती उर्फ सलोक कुमार कुशवाहा पिता सुरेश कुशवाहा 18 साल निवासी ग्राम जो बीकला थाना कुठला, 05. मंजू उर्फ जयदेव पटेल पिता मेवा लाल पटेल 33 साल ग्राम जोबी कला थाना कुठला, एवं नासिर हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन निवासी लमतरा (सिलेण्डर खरीदने वाला) शामिल हैं।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय, साइबर सेल से आरक्षक अजय शंकर साकेत, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, भरत विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, आरक्षक लव उपाध्याय, सौरभ जैन, दिलकेश्वर, संदीप भलावी, वहीं थाना प्रभारी बड़वारा उप निरीक्षक केके पटेल, सउनि रामनाथ साकेत, प्रआर. पवन, लालजी यादव, आर गौरीशंकर की भूमिका रही।



## मवेशी के अचानक सामने आ जाने से दो युवक हुए हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बरही तिराहे के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार एक्टिवा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस टक्कर में एक्टिवा सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक कटनी के दुर्गा चौक निवासी मोहित राय 18 साल और ग्राम देवरी निवासी ओमप्रकाश पटेल एक्टिवा से बड़वारा की ओर जा रहे थे जैसे ही वे मझगवां के पास बरही तिराहे पर पहुंचे तभी अचानक सामने एक मवेशी आ गई। मवेशी को बचाने की कोशिश में चालक ने अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी सीधे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत मदद की और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

घायलों को पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि दोनों युवकों के सिर और हाथ-पैर में गहरी चोटें आई हैं। डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख में जुटी है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और वहां खड़े ट्रक की स्थिति का पता लगा रही है।

*कृषि विषय का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को दी जानकारी*

## विद्यार्थियों को संरक्षित खेती पाली हाउस टपक सिंचाई एवं मल्चिंग का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे शासकीय आरके गौतम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरवारी विकासखंड ढीमरखेड़ा के विद्यार्थियों को प्राचार्य संघ रत्न भेलावे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को संरक्षित खेती के अंतर्गत ऐसी फसल उत्पादन तकनीक जिसके वातावरण को सूक्ष्मआंशिक पूर्ण रूप से नियंत्रित कर अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त किया जाता है की जानकारी दी गई। बताया गया कि संरक्षित खेती के मुख्य लाभ सीमित क्षेत्र से अधिक उत्पादकता भूमि एवं जल का बेहतर उपयोग नियंत्रित वातावरण में वर्ष पर्यंत उत्पादन अधिकतम लाभ हेतु बेमौसमी फसल उत्पादन संभव खुले खेतों की अपेक्षा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्रतिकूल मौसम से सुरक्षा की एवं रोग से सुरक्षा तथा जैविक खेती के मजबूत आधार की जानकारी दी गई।

पाली हाउस के अंदर नियंत्रित वातावरण में पौधों को उगाया जाता है तथा उत्पादन को प्रभावित करने वाले कारक सूर्य का प्रकाश तापमान आर्द्रता आदि विभिन्न कारकों पर नियंत्रण किया जाता है। सामान्य खेत में सब्जियों का सफल एवं अधिक उत्पादन लेना संभव नहीं होता है जबकि पाली हाउस में सफलतापूर्वक लिया जा सकता है। कुछ सब्जियों को ग्रीन हाउस के अंदर साल भर उगाया जा सकता है। सब्जियां उत्तम गुणवत्ता वाली होती है। टपक सिंचाई पद्धति को ड्रिप सिंचाई भी कहते हैं। जिससे पानी बूंद-बूंद के रूप में पौधों की जड़ों में उपलब्ध होता है जल के साथ-साथ उर्वरक सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाई जा सकते हैं इस विधि में पानी की बचत 80 से 90 प्रतिशत खरपतवार नींदा नियंत्रण नमी का संरक्षण तथा पानी देने के लिए नालियां बनाने की आवश्यकता नहीं होती जिससे श्रम की बचत होती है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि फसल की वृद्धि के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त होता है। प्लास्टिक मल्चिंग का उपयोग जिसे आच्छादन कहते हैं। नमी के संरक्षण के लिए खरपतवार को उगने से रोकने के लिए पानी की बचत के लिए मृदा के तापमान को नियंत्रित करने के लिए पौधे के वृद्धि एवं विकास हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए जड़ के बेहतर विकास के लिए भूमि को कठोर होने से बचने के लिए तेजी से बीज अंकुरण के लिए उत्पादन बढ़ाने के लिए उत्पाद गुणवत्ता में सुधार के लिए शुष्क भूमि में खेती को प्रभावशाली बनाने के लिए कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग तथा अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उपयोग किया जाता है।

## आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक




शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ. रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मेरा पहला वोट देश के लिए एवं मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत गांव में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, मेरा पहला वोट, देश के लिए, अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालने की कसम खाओ, बड़े बूढ़े हो या जवान, सभी करे अपना मतदान, जो बाटे दारू नोट, उनको कभी न देना वोट आदि नारों के उदघोष, नारा लेखन के माध्यम से ग्रामीण जनों को आगामी समस्त चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा, भावी एवं अन्य सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताना है।

## राशन दुकान से 89 क्विंटल गेहूं, 28 किलो चावल चोर, दो मोटर साइकिलें ले गये चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के तीन थाना क्षेत्रों बरही, बड़वारा और रीठी में चोरी वारदातें हुई। चोरों ने कहीं शासकीय राशन दुकान से खाद्यान्न चोरी किया तो घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों लेकर चंपत हो गये। शिकायत पर पुलिस ने सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बरही थाना अंतर्गत ग्राम लुरमी में चोरों ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर खाद्यान्न चोरी कर लिया। राशन दुकान के संचालक राकेश्वरी ने शिकायत में पुलिस को बताया कि चोरो ने 89 क्विंटल गेहूं और 28 क्विंटल चावल चोरी कर लिया जिसकी कीमत करीब 3,06,500 रूपए आंकी गई है। यह वारदात 26 और 27 जनवरी की दरमियानी रात हुई।



### दुकान में हुई चोरी

इसी तरह बरही के खितौली रोड स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान से अज्ञात चोरों ने सामान और कीमती ऑयल चोरी कर लिया। शिकायतकर्ता रजनीश कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाशों ने ऑटो पार्ट्स का सामान और ऑयल कीमती करीब 25,000 रूपए चोरी कर लिया।

### यहां से बाइकें हुई चोरी

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुड्डी में महानदी के किनारे खड़ी एक मोटरसाइकिल को बदमाशा ने पार कर दिया। शिकायतकर्ता राजेश निषाद निवासी एनकेजे ने बताया कि उसकी बाइक क्रमांक MP 21 MS 2325 को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इसी तरह रीठी क्षेत्र में घर के सामने से बाइक को चोर ले गये। प्रार्थी रामजस तिवारी ने बताया कि ग्राम तिलगवां में घर के बाहर खड़ी बाइक क्रमांक MP 21 MJ 5364 को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। चोरो की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

*साप्ताहिक हाट बाजार सहित व्यापारियों ने अपनी दुकानें रखी बंद*

## यूजीसी कानून के विरोध में बड़वारा बंद कर निकाली रैली, भेदभाव बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

यूजीसी कानून के विरोध में बड़वारा नगर बंद किया गया। बड़वारा के रामलीला मैदान से रैली निकालकर शहीद परमानंद पटेल चौक से होते हुए सम्पूर्ण बड़वारा नगर में भृमण कर आक्रोश व्यक्त करते हुए सवर्णों का शोषण दमन करना बंद करो, सवर्ण विरोधी काला कानून वापस लो के नारे लगाते हुए विरोध व्यक्त किया। शासन से यूजीसी कानून तत्काल वापस लेने की मांग की।सभी व्यावसायिक संस्थान रहे बंद सवर्ण समाज के विरोध में शासन द्वारा लाये गए यूजीसी कानून के विरोध में बड़वारा नगर की समस्त दुकानों को व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से बंद रखा गया जिससे बड़वारा नगर में सन्नाटा पसरा रहा।



जनपद सदस्य सुनील सिंह ने कहा शासन यूजीसी कानून की आड़ में समाज मे अराजकता का माहौल निर्मित करवाना चाह रही है। शिक्षण संस्थानों में सवर्ण छात्र छात्राओं के साथ भेदभाव पूर्ण नीति हरगिज अख्तियार बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीरभद्र दुबे उर्फ छोटू महाराज ने कहा कि शासन को चाहिए कि सभी समुदाय के लोगों के साथ समानता का कानून लागू करे भेदभाव वाली नीति कायम करने का हम विरोध करते हैं। सवर्ण समाज के लोगों के अधिकारों पर अंकुश लगाने वाला कानून हरगिज लागू नही होना चाहिए।

बड़वारा नगर में रविवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगती है जिसमे स्थानीय व दूरस्थ ग्रामों से लोग खरीददारी करने आते हैं किन्तु बड़वारा बंद के दौरान हाट बाजार भी बंद रही।

रैली व विरोध प्रदर्शन में जनपद सदस्य सुनील सिंह, एनडी तिवारी, सेना से सेवा निवृत्त हुए संतोष दुबे, बीरभद्र दुबे उर्फ छोटू महाराज, विकास निगम, अनुराग गुप्ता,प्रिंस गुप्ता, राजेश दुबे, पीडी गर्ग, सतीश दुबे,हर्ष दुबे,दिनेश गुप्ता उर्फ बल्लू गुप्ता, रेवा शर्मा, डॉ राजेश चौहान, रिषी मिश्रा, अज्जू सोनी, डब्लू शर्मा, घन्नु शर्मा, हरि प्रसाद पांडे उर्फ भोला महाराज, महेंद्र नायक, अरुण निगम, पुष्पराज उर्फ पल्लू गुप्ता, राजनारायण निगम उर्फ टेमल निगम,अनुरुद्ध निगम, ब्रजेश गुप्ता, टाटा महाराज,तीरथ शर्मा एवम भारी संख्या में सवर्ण समाज के लोग सम्मलित हुए।

## जिला भाजपा कार्यालय में आम बजट का सीधा प्रसारण देखा

# भाजपा नेताओं ने बजट को बताया जनकल्याणकारी, हर वर्ग का ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026 को लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने इसे जनहित, विकास और आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार करने वाला बजट बताया है। नेताओं ने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और शहरी-ग्रामीण विकास सभी को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने वाला है। भाजपा नेताओं ने इस शानदार बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए इसे विकसित भारत की बुनियाद के रूप में प्रतिपादित किया।



भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने आम बजट को जनकल्याणकारी और भविष्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता पर विशेष फोकस किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने बजट को विकास और विश्वास का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर किए गए प्रावधान देश के समग्र विकास को नई गति देंगे। यह बजट गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला है। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि आम बजट युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता है। स्टार्टअप, एमएसएमई और रोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएंगे।

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने आम बजट को समावेशी विकास का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर दिया गया जोर गांव और शहर के बीच की दूरी को कम करेगा। बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बजट आर्थिक अनुशासन और विकास के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। निवेश को प्रोत्साहन देने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाले प्रावधान देश को दीर्घकालिक लाभ देंगे।

महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने आम बजट को शहरी विकास को नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी, स्वच्छता, आवास और नगरीय सुविधाओं पर किए गए प्रावधानों से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

जिला भाजपा कार्यालय में बजट का सीधा प्रसारण भाजपा पदाधिकारियों ने देखा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन ने इसे महिलाओं के लिए कल्याणकारी तथा सशक्त करने वाला बताया, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने इसे व्यपारियो के लिए उन्नति प्रदान करने वाला बजट बताया।

# वॉट्स अप भेजे गये लिंक पर क्लिक करते ही बैंक खाते से 87 हजार रूपए हो गये पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आधुनिकता के दौर में एक छोटी से गलती भारी चपत लगाती है। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क किया जा रहा है बावजूद इसके लोग ठगी का शिकार हो ही जाते हैं। इसी क्रम में एक रेल कर्मचारी ठगी का शिकार हो गया। ठग ने झांसा देकर कर्मचारी के बैंक खाते से 87,000 रुपये साफ कर दिए। जानकारी के अनुसार सुशील हलदकार जो रेलवे के डीजल शेड कटनी में पदस्थ हैं ठगी का शिकार हुआ। घटना उस वक्त हुई जब सुशील कटनी कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एक एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को सुशील का रिश्तेदार बताया।

### क्लिक करते ही रूपए पार

बातों-बातों में उसने सुशील को विश्वास में लिया और कहा कि उसने उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा है। ठग ने दावा किया कि उस लिंक के जरिए पैसा ट्रांसफर किया गया है और सुशील को बस उस पर ₹ओके₹ करना है। जैसे ही सुशील ने अपने कथित रिश्तेदार की बात पर भरोसा कर व्हाट्सएप लिंक को ओपन किया और 'ओके' बटन दबाया, कुछ ही पलों के भीतर उनके मोबाइल पर बैंक से पैसे कटने का मैसेज आ गया। सुशील के होश तब उड़ गए जब उन्होंने देखा कि उनके खाते से 87,000 रुपये निकल चुके थे। तब तक ठग अपना काम कर चुका था और सुशील को समझ आ गया कि वह एक बड़ी साजिश का शिकार हो चुके हैं। ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की विस्तृत जानकारी दी।

थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत साइबर विभाग से संपर्क किया और पीड़ित को आधिकारिक साइबर क्राइम पोर्टल पर भी आवेदन करने की सलाह दी है। पुलिस और साइबर एक्सपर्ट्स ठगों की लोकेशन और बैंक ट्रेल को ट्रैक करने की कोशिश कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी पार

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में नई बस्ती जगमोहन दास वार्ड में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए जेवरात एवं नकदी रूपये पार कर दिये। फरियादी नरेन्दर सिंह ने पुलिस को बताया कि वे 24 जनवरी की दोपहर से घर से बाहर थे। इस दौरान 24 जनवरी से 31 जनवरी की सुबह के बीच किसी समय अज्ञात चोरों ने घर में प्रवेश किया। शनिवार सुबह जब घर की स्थिति देखी गई, तब चोरी का खुलासा हुआ। चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखे जेवरात सोने का हार, मंगलसूत्र, चैन और अंगूठी, चांदी की पायलें एवं लगभग 90,000 रुपये चोरी कर लिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी के प्रयास में जुटी है।

### बाइक सवार बदमाशों ने छीना सोने का लॉकेट

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरई और सलैया के बीच शनिवार दोपहर चैन स्नैचिंग की एक वारदात हुई। बाइक सवार बदमाश ने राह चलती महिला को निशाना बनाते हुए उसके गले से कीमती लॉकेट पार कर दिया। प्रार्थी लता काछी 28 वर्ष निवासी बिचपुरा ने बताया कि ग्राम हरई और सलैया के बीच दोपहर लगभग 1 बजे पीछे से आए एक अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर उनके गले पर झपट्टा मारा। जब तक महिला कुछ समझ पाती, आरोपी सोने का लॉकेट लेकर रफूचक्कर हो चुका था। शिकायत के बाद बरही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस संदिग्धों और पुराने अपराधियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### हांका टीम ने 25 मवेशी पकड़ कर गौशाला भेजे

**कटनी।** नगर में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध वृहद अभियान चलाया गया। अभियान के तहत निगम की हांका टीम ने विभिन्न सार्वजनिक मार्गों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 25 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया, जहां उनके समुचित रख-रखाव एवं चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। नगर को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। वही नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न स्थलों वार्ड नं 22 हीरागंज सोनल बाझल गली में सहित वार्ड के अन्य स्थलों एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से 5 आवारा श्वान को पकड़ने का कार्य किया जाकर कटाए घाट स्थित ए बी सी सेंटर भेजने की कार्यवाही की गई।

### कृषकों को 985 करोड़ से अधिक का भुगतान

**कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर हुये धान उपार्जन के लिये कृषकों को अब तक 985.65 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। 1 दिसंबर 2025 से शुरू होकर 20 जनवरी तक हुये उपार्जन में कुल चलने वाले कुल 58 हजार 875 कृषकों से कुल 4 लाख 94 हजार 46 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। जो पिछले वर्ष हुई खरीदी से 19.96 फीसदी ज्याखदा है। जिले में समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी रही। यहां कुल 12156 किसानों से 1 लाख 3 हजार 372 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढीमरखेड़ा में 10054 किसानों से 72 हजार 941 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। इसी प्रकार रीठी तहसील में 7435 कृषकों से 70 हजार 641 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक 6801 किसानों से 56 हजार 330 मीट्रिक टन धान खरीदी गई। बड़वारा तहसील में 7490 किसानों से 55 हजार 102 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई।

रंगनाथ नगर पुलिस को मिली सफलता, तीन आरोपितों में एक नाबालिग भी शामिल

# अमकुही की पहाड़ी में नाबालिग से गैंगरेप करने वाले आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



अमकुही की पहाड़ी में बीते दिनों एक नाबालिग से हुए गैंगरेप के मामले में रंगनाथ नगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में एक विधि विरुद्ध बालक भी है। आरोपियों में अभिषेक उर्फ सक्कू पिता विजय आदिवासी 19 साल निवासी अमकुही एवं राजकुमार उर्फ भस्सू आदिवासी पिता स्व संतोष आदिवासी 30 साल निवासी अमकुही एवं विधि विरूद्ध बालक विधि विरूध्द बालक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है।

रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरूण पाल सिंह ने बताया कि 26 जनवरी को दोपहर 4 बजे बालिका अपनी मौसी के साथ सब्जी भाजी लेने जा रही थी, तभी रास्ते मे उसकी मौसी के पहचान का युवक और उसका दोस्त मिले। मौसी के कहने पर चारो अमकुही पहाडी घूमने गये। अमकुही में बने खण्डर में युवक एवं उसका दोस्त और मौसी बात करने चले गये तभी बालिका को अकेले पाकर विधि विरूध्द बालक अपने दोस्त के साथ आया और बालिका के साथ छेड़खानी कर जबरजस्ती करने का प्रयास किया जिससे बालिका चिल्लाई तो उसका दोस्त और मौसी आ गये। इसके बाद अमकुही पहाडी में अंदर तरफ घूमने चले गये। नाबालिग बालक बालिका को लेकर आगे चला गया एवं बालिका को अकेला पाकर उसके साथ जबरजस्ती बल पूर्वक गलत करने का प्रयास करने लगा बालिका द्वारा चिल्लाने पर अमकुही निवासी दो अज्ञात लड़के आये एंव विधि विरूध्द बालक तथा बालिका को पकड़कर पीटने लगे जिससे ड़रकर उसका दोस्त एंव मौसी वहा से भाग गये। दोनो अज्ञात लड़के बालिका को उठाकर पहाडी में आगे ले गये।

इस घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियो को देकर आरोपियो की तलाश की गई। विधि विरूध्द बालक अपने घर के पास मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपराध घटित करने स्वीकार किया। नाबालिग को लेकर अज्ञात आरोपियो की अमकुही में मिले जिनकी पहचान विधि विरूध्द बालक द्वारा अभिषेक उर्फ सक्कू आदिवासी एंव राजकुमार उर्फ भस्सू आदिवासी दोनो निवासी अमकुही के रूप में की गई । अभिषेक एंव राजकुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि 26 जनवरी के शाम करीब 05/30 बजे अमकुही में लड़की के चिल्लाने की आवाज आई पास जाकर देखने पर एक लड़का उस लड़की के साथ गलत करने का प्रयास कर रहा था। लड़के के साथ सब्बल से मारपीट करने पर वह लड़का डरकर भाग गया फिर अभिषेक एवं राजकुमार आदिवासी उस लड़की को अकेला पाकर उसे आगे ले गये। अभिषेक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजकुमार पहाडी में खडे होकर आने जाने वाले लोगो पर नजर रखी गई। कुछ समय तक अभिषेक उर्फ सक्कू एंव लड़की के वापस नही आने पर राजकुमार मौके से भाग गया। अभिषेक दुष्कर्म करने के बाद लड़की को बंधक बनाकर खंडर में ले गया और पुनः दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस की गाडी देखकर अभिषेक लड़की को खंडहर के बाहर छोड़कर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। आरोपियो के द्वारा अपना अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी अभिषेक के कब्जे से विधि विरूध्द बालक के साथ मारपीट में प्रयुक्त सब्बल को जप्त कर दोनो आरोपीगण एंव विधि विरूध्द बालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।



# खिरहनी ने जबलपुर टीम को हराकर जीता डीजे कप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

दशरमन में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता डीजे कप का फाइनल मुकाबला खिरहनी और जबलपुर की टीम के खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते हुए खिरहनी ने अनवर के 55 रन की आक्रमण पारी से 20 ओवर 193 रन बनाया ।जवाबी पारी खेलते हुए जबलपुर की पूरी टीम 13 ओवर 120 रन ही बना सकी ।खिरहनी ने 73 रन से मैच जीतकर डीजे कप अपने नाम कर लिया। विजेता टीम और उपविजेता टीम को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय,सरपंच सीमा भरत शुक्ला,नरेंद्र उपाध्याय,मोती हल्दकार, चौकी प्रभारी अनिल पांडे,अरविंद तिवारी के साथ सभी अतिथियों ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। विजेता को एक बड़ी शील्ड और 31000 रुपया नगद और उपविजेता को 11000 रुपया और बड़ी शील्ड प्रदान किया गया।

**विधायक ने विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा**

विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में युवा को नशा से दूर रहकर कड़ी मेहनत कर अपने कैरियर को आगे बढ़ने का संदेश दिया । साथ ही खेल मैदान के सुधार और बाउंड्री निर्माण हेतु 25 लाख रुपया विधायक निधि देने की घोषणा किया ।

इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य गणेश गौतम , सौरभ गर्ग ,महामंत्री सोनू गौतम , सत्यम दहिया , साकेत गर्ग ,सौरभ गर्ग , मामू सोनी सहित आयोजक मंडल एवं दर्शकों की मौजूदगी रही

प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित

# ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत टिकरिया में ग्राम उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक–4 के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान के तहत ग्राम टिकरिया में मंदिर परिसर में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ, रक्तदान जागरूकता, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता शपथ के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया गया। यह आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टिकरिया के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रामायण मंडली द्वारा धार्मिक भजन एवं रामायण पाठ की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिससे ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना।



परिषद के ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने 12 जनवरी से 31 जनवरी तक पखवाड़े के रूप में संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसी क्रम में विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर ग्राम उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु पात्र हितग्राही पंचायत स्तर पर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति तेवरी के अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक बसंत जायसवाल द्वारा उपस्थित युवाओं को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान अध्यक्ष बसंत जायसवाल, सचिव राम शरण जायसवाल एवं सेक्टर प्रभारी रविंद्र नाथ झारिया द्वारा प्रतिभाशाली युवाओं को अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजकुमार हल्दकार द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन राजेश यादव द्वारा किया गया।

इस दौरान राजकुमार हल्दकार, मुकेश यादव, वृंदावन पटेल, प्रह्लाद कोल, पुरषोत्तम हल्दकार, ब्रजकिशोर हल्दकार, प्रीतम हल्दकार आदि की उपस्थिति रही।

## मोहक झांकियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति




बरही तहसील अंतर्गत ग्राम जगुआ में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया। नन्हें-नन्हें बच्चों के भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमानजी की मनमोहक झांकी से लोगों का मन मोह लिया। स्कूली बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी जिसे अतिथियों की सराहना मिली। अतिथियों व गणमान्य लोगों का स्वागत शाल श्रीफल फूल मालाओं से स्कूल के संचालक राम रोहित तिवारी द्वारा किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम देखने के लिए गांव के महिला पुरूषो युवाओं की उपस्थिति रही। आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ राममणि पटेल बीएमओ बरही विशिष्ट अतिथि पीके वर्मा नायब तहसीलदार विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी बरही अरविंद चौबे विशिष्ट अतिथि संतोष पांडेय डिप्टी रेंजर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किड्स वे स्कूल के संचालक जिनेंद्र द्विवेदी बरही व जिला मंत्री ढारेश्ववर पाठक ग्राम भारती से दिलीप चतुर्वेदी संजीत परौहा पार्षद संतोष द्विवेदी सुरेश तिवारी की उपस्थिति रही। मंच संचालन श्रीराम तिवारी ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# गुणवत्तापूर्ण जल आपूर्ति के लिए चलाया जा रहा है अभियान, नमूने लेकर किया जा रहा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और जल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्रीमती हरसिमरन प्रीत कौर के निर्देशानुसार हर एक दिन निगम की टीम द्वारा पेयजल आपूर्ति के दौरान वार्डो में पहुंचकर हर घर से पेयजल के सेंपल एकत्रित कर शुद्धता की जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

पेयजल परीक्षण हेतु वार्डों से जल संग्रहण की कार्यवाही के दौरान निगम अमले द्वारा संत कंवरराम वार्ड रॉबर्ट लाइन, बाबा नारायण शाह वार्ड , विश्राम बाबा वार्ड न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तथा विवेकानंद वार्ड खेरमाई मंदिर के पीछे बस्ती सहित अन्य स्थलों से पेयजल का सैम्पल कलेक्ट कर शुद्धता की जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजने की कार्यवाही की गई। शुद्ध। पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अब तक 955 से अधिक जल सैंपलिंग का कार्य कराया जा चुका है।

कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि आयुक्त श्रीमती कौर के निर्देशानुसार अमले द्वारा घर-घर जाकर पानी में क्लोरीन की मात्रा की जाँच करने के साथ और शहरवासियों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इस दौरान न केवल गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है बल्कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण किया जा रहा है। निगम अमले द्वारा नियमित रूप से ओवरहेड टैंक और वॉल चैंबर की सफाई की जा रही जिससे शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके।

कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नगर के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे है। नगर में स्थापित पानी के स्त्रोतों की साफ-सफाई, ट्यूबवेलों के माध्यम से किए जाने वाले पेयजल वितरण के क्लोरीनेशन कार्य के साथ ही विभिन्न वार्डों से रोजाना एकत्रित किए जा रहे पानी की सैंपलिंग का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त पेयजल के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायतों प्राप्त होने पर तत्परता से निराकरण कराकर पेयजल वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

कलेक्टर ने भर्ती रैली के लिए पुख्ता तैयारियां करने के दिये निर्देश

# कटनी में अग्निवीर भर्ती रैली 13 से 24 फरवरी तक, 15 जिलों के युवा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारतीय सेना में शामिल होने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। सेना भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा कटनी जिले के झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसके सुव्यवस्थित आयोजन के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों को कार्य, दायित्व सौंपा और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्ती रैली में अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा तथा सुव्यवस्थित आयोजन प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

### 15 जिलों के युवा आयेंगे

पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में कटनी सहित 15 जिलों के युवा चयन हेतु यहां आयेंगे। इस भर्ती रैली में जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, मंडला, मऊगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा शामिल होने आयेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बड़ी संख्या में युवाओं के यहां आने के नजरिए से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं, यातायात प्रबंधन, पेयजल की समुचित व पर्याप्त उपलब्धता, शौचालय व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने चलित शौचालय, पेयजल हेतु टैंकर और पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की व्यवस्थ्या हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। वहीं झिंझरी पुलिस लाइन के बैरिकेटिंग का दायित्व पीडब्ल्यूडी को, सीसीटीव्ही कैमरे और कम्प्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था का कार्य जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सौरव नामदेव को सौंपा है।

साथ ही स्थल में फायर ब्रिगेड वाहन और मेडिकल एंबुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ तैनात करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटमेंट रितिक खानजोड़ ने अग्निवीर रैली भर्ती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली में महिला एवं पुरूषों का फिजिकल टेस्ट किया जाएगा और अलग- अलग जिलों के प्रतिदिन 700 से 800 आवेदक आयेंगे। कर्नल खानजोड़े ने दौड़ के लिये ट्रैक और आने भर्ती के लिये आने वाले अभ्यर्थियों के शारीरिक परीक्षण के नजरिये से संभावित आवश्यकताओं की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने सभी आवश्यकतायें समय पर पूरी करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस भर्ती रैली के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क और ट्रेड्समैन पदों के लिए चयन किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी आवश्यक दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा।

हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी मवई मे आयोजित हुआ कैरियर मेला

# लक्ष्य निर्धारण कर विद्यार्थी बढ़े आगे जिससे मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य मे उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी मवई में पांच दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया गया। कैरियर मेला के तहत 27 जनवरी को शैक्षिणिक संकायो की जानकारी ,28 जनवरी को कौशल शिक्षा के प्रति जागरूकता,29 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक दल द्वारा शासकीय सेवाओं एवं उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी व उच्च शिक्षा के अवसर की जानकारी प्रदान की गईं। 30 जनवरी को भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर अविनाश कुमार ने जीवन कौशल, कैरियर योजना एवं भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता अनुरूप कैरियर निर्धारण करने उन्हें प्रेरित किया गया।



कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता, उद्देश्य, संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषय पर आधारित कार्य क्षेत्र, दसवीं के बाद विषय का चुनाव तथा 12वीं व स्नातक के पश्चात कैरियर के अवसर पर मार्गदर्शन भी दिया गया। वहीं कैरियर संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया साथ ही कहा कि विषय का चयन रूची अनुसार करें और आगे बढ़े। विषय को ध्यान में रखकर आगे बढ़े। कॅरियर का सही चुनाव होने पर जीवन मे खुशियां ही खुशियां आ जाती हैं जिंदगीभर प्रसन्नता रहती है।

स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रकाश हल्दकार ने आयोजित कैरियर मेला में छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा मैं सफलता हासिल करने इसका मूल मंत्र दिया गया। कैसे आईएएस,आईपीएस व आईएफएस बन सकते है,इस पर विस्तृत जानकारियां दी गई। अन्य प्रतियोगी परीक्षा जैसे रेलवे, एसएससी,बैंक कर्मी ,सहायक ग्रेड 2 व 3 सहित अन्य पदों पर नॉकरी पाने कैसे प्रतियोगी परीक्षाओ में सफलता हासिल की जा सकती है इसकी जानकारियां दी गई। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के तहत कैरियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर पर विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके कैरियर से संबंधित प्रश्नों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

# सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता व सामाजिक समरसता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

ढीमरखेड़ा के मंडल कटरिया अंतर्गत ग्राम महंगवा देंगवा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में बाल संत बाल हट महाराज, परमानंद धाम करौंदी ने धर्म और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता जिला प्रचारक चंदन भाईसाहब का बौद्धिक उद्बोधन जनमानस में प्रेरणा और चेतना का स्त्रोत बना। उन्होंने हिंदू एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्य अतिथि कोदूलाल यादव एवं जिला सह संपर्क तिलक सिंह (सेवानिवृत्त डीआईजी) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मातृशक्ति की ओर से बहन स्नेहलता ने भी अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से भाई-बहनों में भविष्य के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार किया।




इस अवसर पर ब्रजकुमार सेन, डॉ. कैलाश पटेल, भागचंद साहू, प्रवीण यादव, इंद्रकुमार यादव, विपिन राजपूत, राजेश लोनी, शुभम साहू,दयाशंकर गोलू जायसवाल, मुकेश यादव, कमल यादव, चंद्रभान यादव, जयहिंद यादव, प्रेमलाल यादव, तिलकचंद्र यादव, देवीदीन यादव,संजीव यादव, सनद यादव, पुनीत, सुभाष,अजीत साहू,नवीन गुप्ता,विनोद ठाकुर सहित समाज के विभिन्न वर्गों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीएम श्री कन्या शाला में हुआ वार्षिकोत्सव

# वार्षिक उत्सव में छात्राओं ने बिखेरे कला के रंग, हुई रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




शासकीय पीएम श्री कन्या हाई स्कूल पटेरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय हटा विधायक उमा देवी खटीक के प्रतिनिधि के रूप में विधायक पुत्र अंकुश दीप खटीक विशिष्ट अतिथि नरेंद्र बजाज हरिभूमि जिला ब्यूरो चीफ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान विकासखंड शिक्षा अधिकारी आई एल अठया जी के द्वारा की गई। गणमान्य नागरिकों में जनपद पंचायत अध्यक्ष पटेरा श्रीमती मल्लो बाई, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पंडित दीपक उपाध्याय, विवेक नेमा प्राचार्य मंचासीन रहे।

इस अवसर पर समस्त अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात अतिथि देवो भव की परंपरा का निर्वहनकरते हुए सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणा वादिनी की बंदना के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत हेतु स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार विद्यालय के सभी बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत ,नृत्य ,एवं कला पर आधारित विभिन्न प्रकार के संदेश संयुक्त नाटक प्रस्तुत किए गए राजस्थानी लोक कला पर आधारित कठपुतली नृत्य ,बुंदेली नृत्य एवं हरियाणवी नृत्य बच्चों ने प्रस्तुत किया बच्चों के इन सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों का अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों के लिए सल्पाहार की व्यवस्था की गई। एवं सभी बच्चों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर पधारे गणमान्य नागरिकों में पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, दयाशंकर चौबे, गणपत कोरी पार्षद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद दुर्गेश सोनी, मुन्ना अवधिया, विक्की ताम्रकार एवं पत्रकारगण शामिल हुये। पटेरा विकासखंड के आमंत्रित शिक्षकों में हाई स्कूल कुंडलपुर प्राचार्य जेपी पटेल, सुखनंदन पटेल, कमलेश शर्मा, रामेश्वर चौरसिया, कैलाश पटेल, माधव पटेल शिक्षक बिला खुर्द, राम मनोहर पटेल, परसोत्तम पटेल, निरनसिंह आचार्य, देवेंद्र तंतुवाय, मूसा खान, रवि पटेरिया, विक्रांत ताम्रकार, दिनेश ताम्रकार, मध्य प्रदेश पुलिस सुरेंद्र सिंह राजपूत, मुलायम सिंह राजपूत, पंकज जैन, शरद ताम्रकार, हाकम सिंह, विनय जैन, भरत पटेल, राजेश गुप्ता, रमाकांत दुबे, विवेक ताम्रकार,रविन्द्र सिंह राजपूत की उपस्थिति रही। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ जिसमें विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कटहरे, संतोष कटारिया, प्रमोद परोहा, नरेंद्र पटेल, अरविंद पटेल, बलराम प्रजापति, प्रदीप सोनी , श्रीमती मीरा तंतुवाय, श्रीमती निशा परोहा, श्रीमती दिव्या, श्रीमती अभिलाषा नेमा, संदीप नामदेव, दीपेश खरे, कमल अहिरवार, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अखिलेश सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र कुर्मी शिक्षक द्वारा किया गया।

# गोपी कुंज में हुई गौ माता जी की भव्य महाआरती



**हटा।** उपकाशी नगरी नेमा कालोनी में गौ सेवक पंडित अंशुल तिवारी के आवास स्थित गौ कृपा कुंज में आयोजित भक्तमाल कथा के चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के चौथे दिवस गोधूलि बेला में गौमाता की भव्य महाआरती कर 251 दीपों का दीपदान किया गया जिसमें सैकड़ों गौभक्तों ने पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तमाल कथा से किया गया इसके उपरांत गौ माता की भव्य महाआरती विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई महाआरती के दौरान 251 दीपकों से दीपदान किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण दिव्य प्रकाश, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। महाआरती में भारतीय देशी गौ माता के घी का ही प्रयोग किया गया, जो सनातन संस्कृति, शुद्धता एवं गौ संरक्षण के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। महाआरती उपरांत हरि नाम संकीर्तन एवं संकीर्तन का आयोजन हुआ। भगवान के पावन नामों के मधुर संकीर्तन पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भावपूर्ण झूमते हुए हरि गुणगान करते दिखाई दिए। "हरि बोल", "जय श्री हरि" एवं "गौ माता की जय" के गगन भेदी जयघोष से सम्पूर्ण परिसर भक्तिरस से ओत-प्रोत हो गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गौ भक्त एवं सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे। वहीं पीड़ित की शिकायत पर मडियादो पुलिस ने सिविल अस्पताल हटा पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# बडी खेरमाई में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रविवार दोपहर 1 बजे से बडी खेरमाई मंदिर में सर्व हिंदू समाज के द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथीयों के द्वारा मां भारती के दीप प्रज्जवलन किया गया इसके बाद नगर के विघालय सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों द्वारा मंगलाचरण, सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कांवेट विघालय एवं एमबीके स्कूल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सम्मेलन में विश्व हिंदू परिषद प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा ने समस्त हिंदुओ से हिंदू राष्ट्र के लिए जातियों में न बंटकर हिंदू बनकर एक होने का आव्हान किया। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सहमंत्री प्रदीप गुप्ता ने सनातन एकता की बात करते हुए कहा कि संगठित हिंदुओं के द्वारा देश में अनेक कठिन से कठिन कार्य किए गए हैं, जैसे राम मंदिर में कुछ लोगों ने भगवान श्रीराम का प्रमाण मांगा इसके अलावा रामसेतु पर भी सवाल उठाएं गए लेकिन जब हिंदू संगठित हुआ तो उसने श्रीराम का सबूत मांगने सत्ता को ही जड़ से उखाड़ फेंका एवं सत्ता परिवर्तन कर भगवान राम का मंदिर बनवाया। श्री गुप्ता ने कहा कि हम सब जातियों न बंटकर सिर्फ हिंदू बनकर एकता की मिसाल दें। कथा वाचक प्रेमनारायण शास्त्री, विभाग प्रचार प्रमुख दीपक तिवारी, जिला संपर्क प्रमुख इंदु वैद्य, कुसुम साहू आदि ने अपने हिंदु एकता के लिए विचार रखे। सम्मेलन के बाद भारत माता की आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। सम्मेलन में तेंदूखेड़ा प्रखंड के सैकड़ों की संख्या में हिंदू एवं मातृ शक्ति शामिल रही।

# शिविर में एक हजार से अधिक मरीज लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में रविवार को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया शिविर का शुभांरभ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं लोकेन्द्र (लकी) पटेल द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया जिसमें डॉ रीता चटर्जी जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं महेश पटेल जिला महामंत्री, उदय भान पटेल जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, रमेश पटेल मंडल अध्यक्ष, कुलदीप पटेल युवा मोर्चा अध्यक्ष,मनोज खरे, झब्बू सिंह नंदरई, कोमल पटेल मंडल उपाध्यक्ष प्रीतम पटेल, उपस्थित रहे सुपर स्पेशलिटी ग्रुप सागर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ राजेश पटेल ग्रेस्ट्रो, डॉ शिवम गौर न्यूरोसर्जन, डॉ चन्द्रशेखर रावत न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ रोहित नामदेव यूरोजॉजिस्ट, डॉ प्रियंका पटेल स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ विवेक सुपाहा प्लास्टिक सर्जन, डॉ मधुर जैन कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ श्वेता गौतम एम.डी. मेडीसिन, डॉ विनयदीप बिदौल्या हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ आशीष मिश्रा फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ राजेश नामदेव शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव जैन जिला क्षय अधिकारी डॉ राकेश राय नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ हेमंत वहेरिया दंत रोग विशेषज्ञ के द्वारा उक्त निःशुल्क 1006 रोगियो का परीक्षण कर दवाईयां प्रदाय की गई, कलेक्टर कोचर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की खुले मन से प्रशंसा व्यक्त की साथ ही डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों कि सेवाओं को सराहा इस शिविर में समस्त केमिस्ट मेडीकल संगठन एवं सचिन जैन सीईओ भारत आइटीसी एवं अन्य समाज सेवी के द्वारा शिविर में विषेश सहयोग प्राप्त हुआ साथ ही नगर के समस्त पत्रकार उपस्थित रहे। शिविर में सुपर स्पेशलिटी ग्रुप द्वारा सीएचसी पथरिया मै एक ECG मशीन भी प्रदाय की गई। डॉ जतिन दुबे सीबीएमओ द्वारा अगांतुको का आभार प्रगट किया गया।

# मां नर्मदा रसोई परिवार ने किया विशाल भंडारा

**हिंडोरिया।** मां नर्मदा रसोई परिवार की ओर से रविवार को श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में माघ पूर्णिमा पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । जिसमें आस पास के श्रद्धालुओं ने बडी.संख्या मे भाग लेकर पंगत लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के पूर्व मां नर्मदा मैया की विशेष पूजा अर्चना कर उन्हें भोग लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सबसे पहले कन्याओं के पैर धोकर उन्हें खाना खिलाया गया और उन्हें दक्षिणा भी दी है। भंडारे का कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ और साम के 4 बजे तक चलता रहा । जिसमें आस पास के लोगों ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। और पुण्य लाभ कमाया।

# मासिक महाआरती का आयोजन

**बटियागढ़।** हरसिद्धि मंदिर प्रांगण घनश्यामपुरा में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी माह के प्रथम रविवार को मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। आयोजन में सर्वसमिति के लोग सम्मिलित रहें आयोजन के



उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को नशा मुक्त मांसाहार मुक्त चरित्रवान चेतनावन जीवन जीने को प्रेरित किया आयोजन का शुभारंभ 12 बजे से प्रीतम सिंह ब्लाक अध्यक्ष द्वारा किया। संगठन की विचारधारा बताये हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय संगठन मंत्री राकेश तिवारी द्वारा बताया गया है कि हर जगह से आवाज उठ रही की सनातन की रक्षा कैसे होगी। वहीं दूसरी तरफ जातिभेद छूआछूत जैसी बीमारी समाज की बीच बढ़ती जा रही है। ऐसे में सनातन की रक्षा करना संभव नहीं है यदि धर्म की रक्षा संभव है तो जातिभेद छूआछूत हर संगठन व धार्मिक स्थानों से बंद होना चाहिए। आयोजन में संगठन की दर्जनों लोगों ने सदस्यता ली। आयोजन में जिला अध्यक्ष मुकेश तोमर, दशरथ सिंह, बबलू नायक, रघुवीर सिंह, ज्योति तिवारी, गीता सिंह, ममता तोमर, रीना नामदेव सहित मां भक्तों की उपस्थिति रही संगठन द्वारा निःशुल्क शक्तिजल एवं प्रसाद वितरण किया।

# नयन जी महाराज ने किए भोले बाबा के दर्शन



**दमोह।** असाटी समाज दमोह के संस्कार भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान (श्रीधाम वृंदावन) से पधारे श्रद्धेय श्री नीरज नयन महाराज जी ने परिकर वेद प्रकाश नागर व अनिकेत दुबे के साथ समिति सदस्यों सहित बांदकपुर पहुंचकर प्रसिद्ध श्री जागेश्वर नाथ धाम में भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर कथा वाचकों द्वारा जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की गई। दर्शन-पूजन के दौरान मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे,राम प्रताप पंडित, शंकर गौतम वासु गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही नायब तहसीलदार दिनेश असाटी, असाटी समाज दमोह के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, शिक्षक श्रीमती विद्या असाटी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी, अजय असाटी, देवकुमार असाटी, विवेक अप्सरा, अमन असाटी, प्रिंस असाटी, शिवांग, विकास असाटी,सृजन, ललित व साधुजी सीताराम अतुल ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए। इस अवसर पर नर्मदा निशुल्क रसोई का शुभारंभ भी किया गया.साथ ही बांदकपुर में निर्माणाधीन कॉरिडोर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां प्रस्तुत नक्शे को देखकर संतजनों व उपस्थित जनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई.पूरे कार्यक्रम के दौरान धार्मिक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

# संत शिरोमणि रविदास जी जयंती पर शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महान संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के मौके पर उनके अनुयायियों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। सबसे पहले नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक अनुयाई बड़ी संख्या में स्थानीय वार्ड नंबर 10 स्थितबाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल परिसर के पास एकत्रित हुए। यहां से एक भव्य शोभायात्रा बाजे-गाजे ,डीजे आतिशबाजी, गुरू रविदास जी की शानदार बग्गी पर सवार आकर्षक झांकी के साथ बस स्टैंड, मेन मार्केट , खिरका मुहल्ला थाना मोहल्ला वाया डॉ. अम्बेडकर वार्ड तक निकाली गई। खिरका मुहल्ला मे शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण के साथ भव्य स्वागत किया गया। शोभा यात्रा मे बडी.संख्या में गुरू रविदास जी के अनुयाई शामिल हुये।

## धूमधाम से मनाई गुरू रविदास जयंती



**सिंग्रामपुर/भजिया।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती के अवसर पर ग्राम भजिया सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर रविदास समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ग्राम भजिया, कुसमी मानगढ़, कटाव, हरदुआ इममार, करियाखेड़ा होते हुए संत रविदास जी की शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कटाव धाम पहुंची। वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें समाज के प्रमुख वक्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन, उनके विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि "मन चंगा तो कठौती में गंगा" का संदेश आज भी समाज को सत्य, समानता और भाईचारे की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भाई साहब पटेल, अजय बडेरा, सरपंच मनोज चौधरी, विनोद शंकर, राजेश, सूरज, गोपाल, उदयराम, ओंकार, बद्री, मुकेश, प्रमोद, भूरा, नोखे, सहन, पूरन, टिक्कू सेवक, सीताराम कपिल सहित समस्त रविदास समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम भजिया में भी जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में सरपंच अजय सलैया, मनोज चौधरी, धर्मदास कपिल, प्रमोद, मुकेश, संजय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# माघ पूर्णिमा पर देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बुंदेलखंडः बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त धाम पहुंचकर स्नान और ध्यान करने के बाद भगवान जागेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए जल अर्पित करते रहे। धार्मिक मान्यता है कि माघ पूर्णिमा का दिन दान पुण्य और शिव के दर्शन के लिए विशेष शुभ माना जाता है। इसी आस्था के चलते आए श्रद्धालुओं ने दान पुण्य में भी भाग लिया। धाम में वैसे तो हर दिन भक्तों की अच्छी खासी संख्या रहती है, लेकिन माघ पूर्णिमा जैसे पर्व विशेष पर भीड़ और बढ़ गई। धाम की खासियतः देव श्री जागेश्वर नाथ धाम में स्थित स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के कारण जिले और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और धार्मिक लाभ अर्जित किया। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धाम में सुरक्षा और स्वच्छता की विशेष व्यवस्थाएं की गईं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। धार्मिक विद्वानों के अनुसार, माघ पूर्णिमा पर स्नान, ध्यान और दान पुण्य करने से जीवन में मानसिक शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। यही वजह है कि आज देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर आस्था और भक्ति का अद्भुत नज़ारा पेश किया।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**तेंदूखेड़ा।** अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक बुराइयों को दूर करने वाले एवं समाज को एकता का संदेश देने वाले महान संत दर्शन शास्त्री संत शिरोमणि रविदास जयंती का कार्यक्रम तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 5 में आयोजित किया गया सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए जनमानस को अवगत कराया गया युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि संत शिरोमणि रविदास अपने आध्यात्मिक सामाजिक संदेशों से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने वाले महान समाज सुधारक थे हम सभी को उनके विचारों को अनुसरण करते हुए आगे बढ़ाना है साथ ही कन्या भोज व भंडारा भी कराया गया इस अवसर पर तिलक राज, नीलेश यादव,अमर दास महाराज, रंजीत अहिरवार, प्रमोद वेन, विनोद अहिरवार, लोकराम, लखन, बालकिशन अहिरवार, दशरथ अहिरवार, गुवन्दी अहिरवार,नरेश केवट, भागीरथ अहिरवार,भूरा अहिरवार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों उपस्थित थे।

## संत रविदास की शिक्षाये आज भी प्रासंगिक-मानक पटेल

**दमोह।** समानता और समरसता में प्रतीक संत रविदास जी के प्रकाश पर्व पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि वह महान वृद्धिविचारक मानवीयता समता मूलक के करूणासागर थे। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास जी मध्ययुमीन भारत के महान संत कवि एव समाज सुधारक थे। प्रफुल्ल श्रीवास्तव, दिनेश रैकवार, वीरेन्द्र राजपूत, अमर सींग, रफीक खान, दृगपाल सिंह, मदन सुमन, डा. हीरालाल, उवेद गौरी, बबलु भटट, अमित नामदेव, अमित बुधौलिया, अजय जाटव, मदन सुमन, मुकेश रोहिताश ने भी कहा कि उन्होंने जाति भेद, उच नीच और छुआछुत का कड़ा विरोध किया और भाईचारों समानता एवं ईश्वर की भक्ति संदेश दिया। इस अवसर पर मनमोहन अहिरवार, वकील कुरैशी, खिल्लू ठाकुर, करन अहिरवार, हुकुम चंद, बाबु चौहान, पप्पू लारिया, जावेद रोजान, बैजनाथ चौधरी, सत्येन्द्र सिंह सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# केंद्रीय बजट 2026 आर्थिक विकास को गति देने वाला और जनकल्याण को समर्पित बजट है - जयंत मलैया

## जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने दमयंती एवं दीनदयाल मंडल के संयुक्त कार्यक्रम में सुना बजट अभिभाषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



1 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट 2026 का जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं ने लाइव बजट अभिभाषण को ध्यानपूर्वक सुना। दमयंती एवं दीनदयाल मंडल के संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन बुंदेली दमोह महोत्सव परिसर में किया गया, जहां एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बजट का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। इसमें किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीबों के उत्थान के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं। यह बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ विकसित भारत की दिशा में मजबूत नींव रखता है। बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए करने का ऐलान किया है। इसके जरिए सरकार की कोशिश बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर फोकस कर देश में विकास दर और रोजगार को बढ़ाना है।

### भारत को वैश्विक बाजारों के साथ गहराई से जुड़ना चाहिए

बजट में सरकार ने सार्वजनिक निवेश पर मजबूत जोर देते हुए राजकोषीय विवेक और मौद्रिक स्थिरता बनाए रखी है, भारत को वैश्विक बाजारों के साथ गहराई से जुड़ना चाहिए, अधिक निर्यात करना चाहिए और विदेशी निवेश को भी आकर्षित करना चाहिए।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 आर्थिक विकास को गति देने वाला और जनकल्याण को समर्पित बजट है। इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रावधानों से देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश और दमोह जिले को भी सीधा लाभ मिलेगा। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क डेवलपमेंट फंड की होगी स्थापना

बड़ी परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर रिस्क डेवलपमेंट फंड की स्थापना की जाएगी। जिससे आर्थिक विकास को गति देने के लिए बजट में राजमार्गों, बंदरगाहों, रेलवे और बिजली परियोजनाओं सहित इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त प्रोत्साहन देने, 7 रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और तेजी से लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सृजित करने का प्रस्ताव है।

बजट अभिभाषण 2026 लाइव कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सेन ने कहा कि बजट 2026 नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है। महिला वित्त मंत्री के रूप में लगातार 9वीं बार बजट पेश कर नया रिकॉर्ड बनाया है, जो अपार अवसरों का नया राजमार्ग है। साथ ही, वर्तमान के सपनों को साकार करता है। यह बजट भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है और 2047 के विकसित भारत के ऊंची उड़ान के मजबूत आधार है।

दीनदयाल एवं दमयंती मंडल के संयुक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अखिलेश हजारी, अनवर उस्ताद, पार्षद श्रीमती कविता राय, अनिल मिश्रा, राजकुमार जैन, आलोक गोस्वामी, रामलाल उपाध्याय, श्रीमती वर्षा रैकवार, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, श्रीमती छाया साहू, श्रीमती बबली विश्वकर्मा, संतोष रोहित, मंडल महामंत्री अरूण सोनी, मनीष सोनी, अमर सिंह, जुगल अग्रवाल, देवल कटारिया, सुनील यादव, विशाल शिवहरे, राजेंद्र गुरु, आशीष राय, श्रीमती रितु पांडेय, राहुल पाठक, विकास जैन, रमाकांत सोनी, रिंकू गोस्वामी, अखिलेश चौबे, महेंद्र राठौर, अखिलेश सिंह, पार्षद रघु श्रीवास्तव, सतीश जैन, मोनू राजपूत, धीरज घारू, श्रीमती हिना पारोचे, रीतेश सोनी, अमरदीप जैन, डीके रोहित, राजुल चौरहा, शिवेंद्र तिवारी, विवेक मोदी, हरि रजक, विधान चौबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## केंद्रीय बजट 2026-27: 'विरासत और विकास' के संकल्प को नई ऊँचाई देगा बजट - राज्यमंत्री लोधी



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे 'अमृत काल' की समावेशी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट पर्यटन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को नई दिशा देगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों को 'अनुभवात्मक पर्यटन केंद्रों' के रूप में विकसित करने और 10 हजार टूरिस्ट गाइड्स के कौशल विकास की पायलट योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड' की स्थापना से प्रदेश के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में सी-प्लेन कनेक्टिविटी और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना के प्रावधान मध्यप्रदेश के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि मेडिकल टूरिज्म हब और 'ऑरेंज इकोनॉमी' (रचनात्मक अर्थव्यवस्था) को मिलने वाला प्रोत्साहन प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अपार अवसर सृजित करेगा। यह बजट विकसित भारत 2047 के संकल्प के तहत 'विकास भी, विरासत भी' के मूल मंत्र को चरितार्थ करता है।

## केंद्रीय बजट 2026-27 से पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को मिलेगी नई मजबूती: लखन पटेल



**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी वभिाग राज्य्मंत्री स्वनतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को ऐतिहासिक बताया है। उन्हों‍कने कहा है कि यह बजट विकास और जनकल्याण को समर्पित है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। राज्यामंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस बजट में सहकारिता के माध्यम से पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। सहकारी समितियों को कर राहत देने से पशुपालकों एवं डेयरी से जुड़े सदस्यों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। श्री लखन पटेल ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में पशुपालन क्षेत्र को रिकॉर्ड स्तर का बजटीय समर्थन प्रदान किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में जहां विभाग का बजट 4,850 करोड़ था वो अब इस वित्त वर्ष 2026-27 में बढ़ा कर 6,153 करोड़ कर दिया गया है। यह बढ़ा हुआ बजट पशु स्वास्थ्य सेवाओं, आधारभूत संरचना, डेयरी विकास तथा रोजगार के नए अवसरों को गति देगा।

## हिनोता मलवारी गाँव मे शासकीय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त

**दमोह।** बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए हिनोता मलवारी गाँव मे शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर सीमांकन किया। यंहा खसरा नम्बर 239 के रकवा 0.61 हेक्टेयर पर चूना लाइन डाली गई। इस दौरान बटियागढ़ थाना पुलिस, राजस्व आर आई और पटवारी मौजूद रहे। कार्यवाही के सम्बंध में तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने बताया उक्त भूमि पर टँकी निर्माण किया जाना है, भूमि से कब्जा हटाकर सीमांकन के बाद आज जल निगम विभाग को भूमि सोंपी गई,मौका पंचनामा कार्यवाही की गई।

## अज्ञात कारण के चलते युवक ने किया सल्फास का सेवन, जबलपुर रेफर

**तेन्दूखेड़ा।** रविवार को तारादेही थाना क्षेत्र के ग्राम समनापुर में एक युवक द्वारा सेल्फास की गोली का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार गुलाब पिता हाकम सींग गौड़ उम्र 40 वर्ष निवासी समनापुर थाना तारादेही है। युवक द्वारा किस कारणों के चलते सेल्फास की गोली का सेवन किया यह अभी अज्ञात है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**दमोह।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन राजनगर वाईपास पटैल चौराहा पर किया जा रहा है जिसमें आज 2 फरवरी सोमवार को कलश यात्रा दोपहर 12 बजे से बाईपास चौराहा मराहार से कंकाली मंदिर मानस पाठ तक निकाली जाएगी, मंगलवार को भक्ति ज्ञान वैराग्य एवं धुंधकारी चरित्र, बुधवार को महाभारत चरित्र, पारिक्षित जन्म प्रहलाद चरित्र, गुरूवार को राम जन्म एवं कृष्ण जन्म महोत्सव, शुक्रवार को बाल लीलाएं, माखन चोर, छप्पन भोज शनिवार को कंश वध, कृष्ण रूकमणी विवाह रविवार को सुदामा चरित्र पारिक्षित मोक्ष शुक्रदेव गमन एवं 9 फरवरी सोमवार को हवन, भंडारा एवं गंता समारोह का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास परमश्रद्धेय पं.श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज होगें जिनके प्रवचन दोपहर 02:30 बजे से प्रारंभ होगें। कथा श्रोता हरिशचंद पटेल एवं सोना बाई पटेल ने देवी प्रसाद, नर्मदा बाई, ओमप्रकाश, वंदना, दिनेश बबली, सुरेन्द्र, पूजा, साक्षी, बबीता, दिव्या, गरिमा एवं समस्त पटेल परिवार ने कथा में समस्त ग्रामवासियों से शामिल होने की अपील की हैं।

### यूजीसी के विरोध में दमोह बंद को सबका समर्थन, पटेरा बंद को मिली सफलता

# यूजीसी कानून वापिस लो के नारों से गूंजा दमोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**UGC** कानून के विरोध में 1 फरवरी को देशव्यापी बंद का दमोह जिला मुख्यालय पर भी व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से दुकान बाजारों के बंद रहने के साथ सामान्य वर्ग सर्व समाज के लोग यूजीसी के विरोध में नारेबाजी करके सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आए। रैली जुलूस प्रदर्शन के बाद दोपहर में राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन सोपा गया। इस स्वेछिक आंदोलन प्रदर्शन में महिला युवाओं ने जहां खुलकर भागीदारी की वही व्यापारी बुजुर्गों से लेकर समाज के निर्धन वर्ग ने भी योगदान दिया। सामान्य वर्ग के लोग यूजीसी के विरोध में सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते नजर आए वहीं भाजपा नेता मेला में बजट भाषण सुनते नजर आए। रविवार बाजार का दिन होने के बावजूद सुबह से ही घंटाघर से लेकर पांचो तरफ जाने वाले मार्गो पर स्थित दुकान बाजार पूरी तरह से बंद रहने से लोग चाय पान को तरस गए। किसी को भी किसी से अपना कारोबार बंद रखने की अपील नहीं करना पड़ी वही बिना किसी नेतृत्व के हाथों में बैनर तख्तियां लेकर प्रमुख मार्गो से निकाली रैली प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यूजीसी के विरोध में बंद के आवाहन को ध्यान में रखकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल के साथ पुलिस अधिकारी तहसीलदार आदि को तैनात किया गया था।

इस दौरान गरूदारा श्री गुरू सिंघ सभा, अग्रवाल समाज, करणी सेना परिवार, केशरवानी (गप्ता) वैश सभा, पज्य सिंधी पंचायत, म.प्र. परशुराम कल्याण वोर्ड ब्राम्हण सभा, क्षत्रिय करणी सेना, सर्व ब्राम्हण महासभा, सर्व ब्राम्हण समाज, अखिल भारतीय क्षत्रिय महसभा, श्री दिगम्बर जैन पंचायत, असाटी समाज समिति, सकल हिन्दू समाज, कायस्थ समाज, मराठा समाज सहित अन्य समाज संगठनों ने यूजीसी के विरोध मैं आयोजित बंद को अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करते हुए सरकार से इस असमानता के कानून को खत्म करने की मांग की। यूजीसी कानून के विरोध में आधे दिन के इस विरोध प्रदर्शन के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ सत्ता से जुड़े एवं विपक्ष के नेता जहां अलग-थलग पड़ते नजर आए वही प्रमुख कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल होकर यूजीसी का खुलकर विरोध करते नजर आए। खास बात यह रही की पूरे आंदोलन के दौरान जहां शालीनता का ध्यान रखा गया किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक नारेबाजी नहीं की गई।वही राष्ट्रपति महोदय के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सोंपे जाने के बाद संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह को ध्यान में रखकर दोपहर बाद बाजार खोलने की अपील भी की गई।



### सभी के सहयोग से पटेरा में बंद सफल



**पटेरा।** पटेरा तहसील मुख्यालय पर महज एक दिवस की तैयारी के बाद यू जी सी कानून का विरोध प्रदर्शन करने सवर्ण समाज की भारी भीड़ जमा रही। हाथों में तख्तियां लेकर इस काले कानून को वापिस लेने के लिए भारी नारे बाजी की गई। सभी व्यापारियों ने अपने कारोबार बंद रख कर बंद को शत प्रतिशत सफल बनाया। नवयुवकों की बाइक रैली नगर भ्रमण करते हुए नारेबाजी,प्रदर्शन कर बस स्टैंड पहुंची। जहां महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल को सौंपा, जिन्होंने उचित माध्यम से इसे महामहिम तक भिजवाने आश्वस्त किया। अंत में कमलेश शर्मा, प्रकाश गुप्ता, खिलान सिंह, नरेंद्र बजाज, दयाशंकर चौबे, अशोक बड़कुल, संजय पालीवाल, डा सत्यम सिंह, मुलाम सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, शिरीष नेमा, ऋषि नेमा, दिनेश गुप्ता, मुन्ना असाटी, नयन खरे, चंदन असाटी ने सभी शामिल सवर्ण प्रतिनिधियों एवं प्रतिष्ठान बंद रखने वाले सभी व्यापारियों का सहयोग के लिए आभार माना, सवर्ण समाज ने इस अवसर पर पूर्ण सहयोग देते हुए शीघ्र ही पूरे समाज को संगठित करने की बात कही, जिस पर शीघ्र ही कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## बुंदेली महोत्सव का भव्य समापन



**दमोह।** बुंदेली संस्कृति, लोककला और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित 17 दिवसीय बुंदेली दमोह महोत्सव का समापन गरिमामय और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। अंतिम दिन महोत्सव में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सहयोगियों का सम्मान किया गया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। महोत्सव के समापन से एक दिन पूर्व रात्रि 10:30 बजे तक बुंदेलखंड की प्रसिद्ध लोकगायिका कविता शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पूरे मेले के माहौल को संगीतमय बना दिया। लगभग दो घंटे तक चली प्रस्तुति में कविता शर्मा के बुंदेली गीतों पर दर्शक झूमते-नाचते नजर आए। उनकी सुमधुर आवाज और पारंपरिक गीतों ने बुंदेली संस्कृति की गहराई को मंच पर जीवंत कर दिया। वहीं महोत्सव के अंतिम दिन स्थानीय ऑर्केस्ट्रा टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत, ताल और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम ने महोत्सव को यादगार बना दिया। इस अवसर पर बुंदेली गौरव न्यास के पदाधिकारियों ने महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थाओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। न्यास के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे सांस्कृतिक आयोजन संभव हो पाते हैं और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की जाती है। उल्लेखनीय है कि 17 दिनों तक चले इस महोत्सव में बुंदेली लोकसंस्कृति, गीत-संगीत, कला और सामाजिक समरसता की सुंदर झलक देखने को मिली, जिसने न केवल दमोह बल्कि आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शकों को भी बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा।

# 41 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षक को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ



तेजगढ़ से 7 किलोमीटर दूर केवलारी उपाध्याय एकीकृत माध्यमिक शाला केवलारी उपाध्याय में पदस्थ रहे शिक्षा-जगत के सशक्त स्तंभ, सहज-सरल स्वभाव और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक रोशन सिंह धुर्वे को 41 वर्षों की निष्कलंक, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवा पूर्ण करने के उपरांत भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह के माध्यम से भावभीनी विदाई दी गई। यह आयोजन अत्यंत भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों की भारी उपस्थिति रही। चार दशकों से अधिक के अपने सेवाकाल में रोशन सिंह धुर्वे ने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उसे संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों से जोड़ा। उन्होंने ग्रामीण अंचल के सैकड़ों विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान किया, बल्कि उन्हें समाज का जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा भी दी। उनका संपूर्ण कार्यकाल समयपालन, ईमानदारी और विद्यार्थियों के प्रति आत्मीय व्यवहार का जीवंत उदाहरण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भावसिंह मासाब ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "रोशन सिंह धुर्वे जैसे शिक्षक किसी भी विद्यालय की वास्तविक पूंजी होते हैं। उनका कार्यकाल आने वाली पीढ़ियों के शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत और आदर्श है।" वहीं उमराव सिंह मासाब ने कहा कि "41 वर्षों की सेवा में उन्होंने कभी अपने कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण और बच्चों के प्रति अपनत्व सदैव स्मरणीय रहेगा।" समारोह में दीपचंद सिंघाई, परमलाल (बीआरसीसी), एन.एस. राजपूत (पूर्व बीईओ), इंदर सिंह, मनोहर सिंह ठाकुर एवं आनंद जैन सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने उद्बोधन में रोशन सिंह धुर्वे के सेवाभाव, अनुशासनप्रियता एवं सरल व्यक्तित्व की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर प्रताप सिंह (पूर्व विधायक), नितेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, भारत सिंह, बेड़ी सिंह, भोजराज जैन (सरपंच), अर्जुन सिंह मरकाम, लक्ष्मी सोनी, अनरत सिंह, बारी बाई धुर्वे, तेजी सिंह, झुन्नी लाल, इंदर अहिरवाल, अमर सिंह, संतोष प्रधान, माधव सिंह, कोदूलाल, चंपालाल सेन सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय संचालन महेंद्र दीक्षित (जनसेवी) एवं मनोज राजपूत द्वारा किया गया, जबकि ब्रजमोहन राजपूत ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह के अंत में रोशन सिंह धुर्वे को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई के भावुक क्षणों में शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन भावनाओं से अभिभूत नजर आए। समारोह ने यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा कभी सेवानिवृत्त नहीं होती, वह समाज में सदैव जीवित रहती है।

## संस्कार भवन में चल रही श्री मद्भागवत कथा में शामिल हुए जिला अध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक



**दमोह।** असाटी समाज दमोह के द्वारा संस्कार भवन में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 26वें वर्ष बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है.इसी दौरान भागवत मैया के दर्शन कर (श्रीधाम वृंदावन) से पधारे नीरज नयन महाराज के मुखारविंद से कथा का आनंद प्राप्त किया. साथ ही इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी जी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, राघवेंद्र परिहार,बृजेश ठाकुर,भारत यादव, के अलावा असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, संयोजक शैलेंद्र असाटी,महेश, विवेक अप्सरा, रूपेंद्र गोलू जी,सुषमा जी, मधु जी, युवा अध्यक्ष विनय असाटी, महिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा असाटी जी के अलावा समिति समाज के जन मौजूद रहे।

## बुन्देली गौरव न्यास समिति ने बाल विवाह रोकने पर संकल्प समाज सेवी संस्था को सम्मानित किया

**दमोह/ हिण्डोरिया।** बाल विवाह रोकने की दिशा मे कार्य करने के अलावा बच्चों के अधिकारों एवं उनके संरक्षण को लेकर दमोह जिला के ग्रामों मे आमजन के बीच सतत जन जागरूकता अभियान संचालित करने पर संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह को बुन्देली गौरव न्यास समिति दमोह व्दारा आयोजित बुन्देली मेला के मंच से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं सीएसपी एच आर पाण्डे आदि के करकमलों से प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकल्प समाज सेवी संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, सुजात खान, खुश्बू तिवारी, दिशा पटेल बीरेन्द्र विश्वकर्मा, प्रहलाद रैकवार इत्यादि मौजूद रहे।

# देवरी गांव में युवक को पीछे से गले में चाकू मारकर किया घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हटा।** अनुविभाग के मडियादो थाना क्षेत्र के देवरी फतेहपुर गांव में रविवार की सुबह खेत जा रहे एक 40 वर्षीय युवक पर गांव के ही एक युवक द्वारा पीछे से गले में चाकू से हमला किए जाने की घटना प्रकाश में आई है जहां घायल युवक को परिजनों द्वारा तुरंत ही सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी घायल युवक भगवान दास रजक की पत्नी कुसुम रानी रजक द्वारा बताया गया कि रविवार की सुबह पति भगवानदास रजक जो चंदा साहू के खेत पर लौकी तोड़ने जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में गांव के धनीराम द्वारा मेरे पति को पीछे से गले में चाकू से हमला कर दिया। घटना के दौरान पति के चिल्लाने पर परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग गया। जहां परिजनो द्वारा लहूलुहान हालत में निजी वाहन से सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर इस जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी लगते ही मडियादो पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर सघनता से तलाश की जा रही है।

**नाम सुधार सूचना**

शपथकर्ता तनिष्क कस्तोर उम्र 21 वर्ष पिता वीकेश कस्तोर निवासी हिनौताकलां तहसील हटा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा दमोह में मेरे नाम से पालिसी क्रमांक 373145709 संचालित है जिसमें मेरा नाम तरून कुमार कस्तोर एवं पिता का नाम टीकेश कस्तोर दर्ज है जो कि भूलवश दर्ज हो गया था। जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम तनिष्क कस्तोर पिता वीकेश कस्तोर दर्ज है जो सत्य व सही है। अतः मै अपनी एलआईसी की पॉलिसी में मेरा नाम तरून कुमार कस्तोर की जगह तनिष्क कस्तोर एवं पिता के नाम में टीकेश कस्तोर की जगह वीकेश कस्तोर दर्ज कराना चाहता हूं।

**तनिष्क कस्तोर पिता वीकेश कस्तोर**
**हिनौताकलां तहसील हटा, जिला दमोह**